# केंद्रीय मंत्री ने किया खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण

## कहा मेरे अन्नदाता मेरी पहली प्राथमिकता हैं, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा मुझे बर्दाश्त नहीं होगी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने क्षेत्र में डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर किसानों की बढ़ती चिंताओं के बीच शुक्रवार को अपने प्रवास के दौरान अचानक जिले के ईसागढ़ के नईसराय स्थित खाद वितरण केंद्र पर पहुंचे। जहां श्री सिंधिया ने मौके पर पहुंचकर स्टॉक, सप्लाई और वितरण व्यवस्था का पूरा मूल्यांकन किया, ताकि किसी किसान को खाद के लिए परेशान न होना पड़े। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और डॉ मोहन यादव की सरकार में अन्नदाताओं को पूरी खाद सप्लाई मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है और धीरे- धीरे शेष बचे लोगों को भी शीघ्र खाद मुहैया कराई जाएगी।



**डीएपी खाद का स्वयं किया निरीक्षण,**



**किसानों से किया संवाद:**
निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने केंद्र पर उपलब्ध डीएपी के बैगों की स्वयं जांच की और किसानों को दिए जा रहे बैगों की मात्रा व गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वितरण रजिस्टर, पीओएस मशीन से किसानों को किए जा रहे आवंटन और स्टॉक की वास्तविक स्थिति का मिलान कराया। साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और खाद वितरण में आ रही कठिनाइयों को जाना। किसानों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। उन्हें असुविधा हो, यह किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं। मैं यह सुनिश्चित करने आया हूं कि खाद की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की बाधा न रहे और हर किसान को समय पर उसका हक मिले।

**किसानों को पर्याप्त सप्लाई सुनिश्चित करने का दिया आश्वासन:**
निरीक्षण के बाद केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि सरकार वितरण प्रणाली को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठा रही है। किसानों को अनावश्यक रूप से लंबी कतारों में न लगना पड़े, इसके लिए भी अतिरिक्त प्रबंध किए जा रहे हैं। किसानों ने केन्द्रीय मंत्री के सीधे हस्तक्षेप पर संतोष व्यक्त किया और बताया कि निरीक्षण के बाद व्यवस्था में तेजी आई है। वहीं केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि मेरे लिए सबसे पहली प्राथमिकता मेरे किसान हैं। खेती से जुड़ी किसी भी समस्या के हल में देरी नहीं होगी। खाद, बीज, सिंचाई या फसल, किसी भी स्तर पर यदि कठिनाई आती है, तो मैं स्वयं मैदान में आकर उसका समाधान सुनिश्चित करता हूँ। क्षेत्र का विकास तब ही संभव है जब किसान मजबूत हों। केन्द्रीय मंत्री के इस औचक निरीक्षण से किसानों में राहत और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

**केंद्रीय मंत्री ने की सप्लाई चेन की जमीनी समीक्षा, अधिकारियों को दिए व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश:**
केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने संपूर्ण वितरण प्रक्रिया की जांच की, जिसमें वर्तमान स्टॉक, आगामी सप्लाई, ट्रकों की अनलोडिंग, टोकन वितरण, लाइन प्रबंधन और किसानों तक खाद पहुंचाने की गति के सभी पहलुओं का उन्होंने मौके पर मूल्यांकन किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला प्रशासन, कृषि विभाग और वितरण एजेंसियों को यह निर्देश दिया कि खाद उपलब्धता पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की देरी या अव्यवस्था को तुरंत दूर किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खाद वितरण में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों की सुविधा ही सर्वोच्च प्राथमिकता है।



# SIR में न छूटे किसी का नाम

**बहुजन समाज पार्टी की बैठक संपन्न**

**परिनिर्माण के कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा**

**नवभारत न्यूज**

**नईसराय।** तहसील मुख्यालय पर गुरुवार को एसआईआर के संबंध में बहुजन समाज पार्टी की बैठक आयोजित की गई। जिसममें प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष भानु अहिरवार कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर में किसी भी व्यक्ति का नाम न छूटे। इसके साथ ही इस प्रक्रिया में किसी का गलत नाम जुड़े इसके लिए हमें कार्य करना है। वहीं आगामी 6 दिसंबर को शिवपुरी में बाबा साहब अंबेडकर के परिनिर्माण दिवस मनाने पर चर्चा की गई। साथ ही समस्त कार्यकर्ताओ को इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी दिलीप बौद्ध , विधानसभा प्रभारी , नईसराय एवं बहुजन पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबूलाल दैलवर, जिला अध्यक्ष इंजीनियर मुकेश अहिरवार, जिला प्रभारी दामोदर प्रसाद अहिरवार, टीआर भंडारी, मुन्नालाल पचबाउडी एवं नईसराय सर्किल नंबर एक के पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### दुष्कर्मी पुत्र के साथ उसका पिता भी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** देहात थाना पुलिस ने द्वारा नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने के मामले में युवक को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही नाबालिग को घर में छिपाने के मामले में युवक के पिता को भी गिरफ्तार किया गया है। दरअसल पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिलेभर नाबालिग बालक-बालिकाओं के विरूद्ध घटित अपराधों के निराकरण हेतु प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में देहात थाना प्रभारी उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 26 नबंवर को 16 वर्षीय नाबालिग पीडिता द्वारा दुष्कर्म की रिपोर्ट की थी, जिस पर से थाना पर अपराध क्र0 550/25 धारा 137(2), 64(2) (एम), 127(2) बीएनएस व 5 (1)/6 पोक्सो एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान तथ्य आये कि आरोपी हरनाम अहिरवार द्वारा अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ मिलकर नाबालिग बालिका का सहमति पंचनामा तैयार कराया गया, जो विधि अनुरूप सही नहीं पाया गया। जिसके संबंध में उपरोक्त पंचनामा विवेचना में संलग्न किया गया। विवेचना के दौरान उपरोक्त पंचनामा की जांच उपरांत वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी हरनाम अहिरवार व उसके पुत्र राजेश अहिरवार के साथ पीडिता को अपने संरक्षण में अपने घर पर ठहराया गया था तथा आरोपी राजेश अहिरवार द्वारा नाबालिग पीडता के साथ दुष्कर्म किया गया। प्रकरण में आरोपी हरनाम अहिरवार पुत्र बिरखा अहिरवार उम्र 41 साल व उसके पुत्र राजेश अहिरवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करते हुए जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा, सोनम यादव, महिला आरक्षक रश्मि शाक्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### फरार वारंटी को नोयडा से किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस कप्तान राजीव कुमार के निर्देशन में जिलेभर के थानों में स्थाई एवं गिरफ्तारी वारण्टों की तामीली हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रहीं है। इसी कड़ी में देहात थाना पुलिस ने वर्ष 2009 के न्यायालय के प्रकरण में फरार बारंटी को नोयडा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। दरअसल प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अशोकनगरसंजीव सिंघल के न्यायालय के एसटी नंबर 228/09 शासन पुलिस अशोकनगर विरूद्ध राजाराम आदि के प्रकरण में उच्चतम न्यायालय ग्वालियर द्वारा निर्णय पारित किया जाकर अपराध क्र. 299/09 धारा 302,498ए भादवि में अभियुक्त सुशीला बाई उर्फ हल्की पत्नी रामदयाल केवट उम्र 40 साल निवासी ग्राम बरखेडा जागीर थाना देहात जिला अशोकनगर को अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दिए गए दण्डावेश की पुष्टि की गई थी। उक्त प्रकरण में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को सजा भुगताए जाने हेतु लगातार गिरफ्तारी वारण्ट जारी किये जा रहे थे। तो वहीं न्यायालय के गिरफ्तारी वारण्ट के पालन में थाना देहात पुलिस टीम द्वारा नोयडा उत्तर प्रदेश जाकर महिला आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा, सहायक उप निरीक्षक दीवान सिंह, संजय गुप्ता , प्रधान आरक्षक सूरज हर्षाना, महिला आरक्षक रश्मि शाक्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जुगया में बोरी बंधान कर, ग्रामीणों के संग की पानी के लिए चौपाल

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अशोकनगर की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्तुत समिति जुगया के संयुक्त प्रयास से ग्राम जुगया में 15 नवंबर से 30 दिसंबर तक चलने वाले जल संचय अभियान के अंतर्गत जल संचय अभियान अंतर्गत ग्राम में बोरी बंधान तैयार किया गया। इस पहल का उद्देश्य बहते जल को रोक कर किसानों और ग्रामीण और पशुधन के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करना है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ने कहा कि बोरी बंधान जल संरक्षण का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है इससे सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा और जल स्तर में सकारात्मक सुधार होगा। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की गांव का विकास जल संरक्षण से ही संभव है यह बंधान आने वाले समय में पूरे गांव के लिए बड़ा सहायक सिद्ध होगा। इसी तारतम्य में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जुगया की बैठक भी संपन्न हुई। प्रस्फुटन समिति ग्राम जुगया में बैठक के दौरान जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ने ग्राम विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्य बिंदु ग्राम में स्वच्छता अभियान को और अधिक प्रभावी बनने पर चर्चा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान किसानों को जैविक कृषि अपने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने तथा समिति सदस्यों को ग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने की सलाह दी गई। बैठक में ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव नवांकुर संस्था अक्षर पीठ से सिद्धांत नायक मैटर्स अरुण जैन, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं छात्र नरेंद्र बंजारा, हटे सिंह बंजारा, श्याम बंजारा ,संजीव, जितेंद्र ,हरिओ नायक, रामकृष्ण सिंह, शिवलाल बंजारा, धर्मेंद्र नायक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डॉ जयमंडल बने रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन

## रेडक्रॉस सासोयटी के चुनाव में राष्ट्रवादी पैनल की भारी बहुमत से जीत

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला रेडक्रास सोसायटी के चुनाव गुरुवार को संपन्न हुए। इस दौरान हुए मतदान में राष्ट्रवादी पैनल को भारी बहुमत से जीत हासिल हुई है। सोसाइटी के विधि मान्य ढंग से चुनाव हुए थे, जिसमें राष्ट्रवादी पेनल के दस सदस्यों ने विजय हासिल की है। इस निर्वाचन के दौरान डॉक्टर जय मंडल यादव को सर्वाधिक वोट मिले, इसके बाद शुक्रवार को कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से सभापति चैयरमेन डॉक्टर जय मण्डल सिंह यादव, वाईस चैयरमेन (उप सभापति) राजीव जाट, सचिव संजय सिंह रघुवंशी, मान सेवी कोषाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ दीपक मिश्रा को बनाया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के उक्त चर्चित प्रतिष्ठा पूर्ण निर्वाचन में कुल 17 प्रत्याशी मैदान में थे। करीब 1065 सदस्य मतदाताओं ने 10-10 वोट डालकर सोसाइटी के 10 सदस्यों को चुना। क्रमानुसार सर्वाधिक मत पाने वाले 10 सदस्य निर्वाचित हुए जिनमें से सर्व सहमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शहर के प्रबुद्ध वर्ग ने बधाई दी है।



उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मदद करने वाली समाज सेवी संस्था भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अंतर्राष्ट्रीय संगठन हैं, जिसका मुख्यालय भारत में है, प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध, महामारी, बीमारियों के दौर में आने वाली आपदाओं और संकट कालीन स्थितियों में रेड क्रॉस सोसायटी पीड़ित लोगों की सदैव ही बड़े स्तर पर राहत कार्य चला कर उदाहरण योग्य सेवा करने का कीर्तिमान रचती है। करीब डेढ़ सौ वर्ष पुरानी रेड क्रॉस सोसायटी का राष्ट्र धर्म निभाते हुए सेवाओं से भरा कार्यकाल रहा है। इस संगठन का संचालन करने के लिए सदस्यों द्वारा निर्वाचन के माध्यम से नवीन कार्यकारणी को चुना है।



### मंजिल नहीं पड़ाव है: तहसीलदार

**शाढ़ौरा।** आप सभी ने पिछले दिनों काफी मेहनत की है इसी कारण अशोक नगर जिला डिजिटलाइजेशन के कार्य में समय से पहले 100 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त कर प्रथम स्थान पर आया, लेकिन यह मंजिल नहीं है, यह अभी मात्र एक पड़ाव है इसलिए हमें रुकना नहीं जाना है। बल्कि शेष कार्य को भी इसी मुस्तैदी से पूर्ण करना है, यह बाते शाढ़ौरा तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव ने अपने प्रभार के बीएलओ बैठक में कहीं। दरअसल शुक्रवार को तहसील कार्यालय में शाढ़ौरा तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव ने अपने प्रभार वाले बीएलओ की मीटिंग ली और 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन होने पर 35 से अधिक बीएलओ का माल्यार्पण कर सम्मान किया। बैठक में तहसीलदार ने सभी को आगाह किया कि अभी सिर्फ एक फेस का काम निपटा है. इसलिए किसी भी तरह से कार्य में ढिलाई न बरतें और जिन मतदाताओं के नाम अभी मैपिंग से छूट गए हैं, उन सभी एक-एक मतदाता को सर्च करके मैपिंग करना सुनिश्चित करें। ऑनलाइन कार्य के बाद सभी बीएलओ ऑफलाइन दस्तावेज पूर्ण करके तैयार रखें।

# विवादित बोल पर ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

**समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**आईएएस वर्मा के विरोध में सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली। सकल ब्राह्मण समाज द्वारा मंगलवार को एसडीएम इसरार खान को ज्ञापन सौंपकर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की।** यह कदम उनके द्वारा 23 नवंबर को भोपाल के तुलसी नगर अंबेडकर मैदान में आयोजित अजाक्स प्रांतीय अधिवेशन में दिए गए कथित भड़काऊ एवं अशोभनीय वक्तव्य के विरोध में उठाया गया। समाज के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि उक्त उद्बोधन में ब्राह्मण समाज की बेटियों संबंधी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। स्थानीय स्तर पर यह वीडियो बड़ी संख्या में लोगों ने देखा जिससे समाज में गहरा रोष व्याप्त है। ब्राह्मण समाज का कहना है कि संतोष वर्मा द्वारा दिया गया कथित वक्तव्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(ग), 353(2) एवं 196(1) के दायरे में आता है। समाज ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तुरंत दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधियों ने कहा कि यह मामला किसी एक समाज का नहीं बल्कि सामाजिक सौहार्द और प्रशासनिक गरिमा से जुड़ा हुआ है। ऐसे वक्तव्य से न केवल ब्राह्मण समाज बल्कि अन्य समुदायों में भी नाराजगी देखने को मिली है सकल ब्राह्मण समाज मुंगावली ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर उचित कार्रवाई नहीं होती है तो वे आगे आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विवश होंगे।



# SIR में लगे कार्यकर्ताओ की जमकर तारीफ

**भाजपा के जिला प्रभारी ने ली समीक्षा बैठक**

**विधायक कार्यलय पर हुआ बैठक का आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली। गुरुवार को मंडल मुंगावली में निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण के एस आईआर कार्य से संबंधित विधायक कार्यालय में विशेष समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह समीक्षा विधायक बृजेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**
जिसमें मुख्य अतिथि पार्टी द्वारा एसआईआर समीक्षा के लिए आए प्रभारी दिलवर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी एसआईआर वीरेन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद जिला प्रभारी दिलबर सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि आप लोग ऐसे कार्य करते हो की कुछ भी कहने को नहीं बचता है, आपका कार्य ही बताता है कि आप लोग पार्टी के लिए कितने समर्पित होकर कार्य करते हो इसी तरह हमे यह कार्य करते रहना है और पार्टी को आगे लेकर जाना है। वही विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि यहां के कार्यकर्ता इतने सजग है कि मुझे भारत के इतिहास में पांच साल में चार बार विधानसभा चुनाव जिताया है। एसआईआर में जिस तरह कार्यकताओं ने प्रशासन के साथ मिलकर यह कार्य किया वह तारीफ के काबिल है। समीक्षा बैठक में जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, पिपरई मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे एवं अविनाश यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेंद्र जाटव, शैलेन्द्र सिंह बैस, कैलाश सेन , सौरभ सक्सेना ,गब्बर सिंह दांगी,नरेश साहू,दातार यादव सहित अपेक्षित शक्तिकेंद्र प्रभारी बूथ बीएलए सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**कार्यक्रम**

## उपस्थित लोगों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

# युवा संगम कार्यक्रम में निजी कंपनियों ने 107 युवाओं को दिये ऑफर लेटर

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओ को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार व स्वरोजगार मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत शक्रवार को कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला व्यापार व उद्योग केंद्र परिसर, अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की 9 कम्पनियों ने भाग लिया। इस दौरान कुल 230 युवाओं द्वारा पंजीयन कराया गया एवं 107 आकांक्षी युवाओं ऑफर लेटर प्रदान किया गया । युवा संगम में प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये। वहीं विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ के हितग्राहियो को मौके पर ही किया गया।



**हितलाभ का किया वितरण:**
कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओ के 123 हितग्राहियो को 4 करोड़ 89 लाख का रुपए का हितलाभ वितरण ऑनलाइन कराया किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा टोकन स्वरूप जिसमें मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के हितग्राहियों नथन सिंह को रिटेल ट्रेड के लिए 2.88 लाख एवं अभिषेक को रिटेल ट्रेड के लिए 10.00 लाख,पीएमएफएमई योजना के अंकुर पलिया को 9.90 लाख, हरभजन संधू को 8.50 लाख टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के ऊषा बाई को किराना दुकान के लिए 80 हजार, चयन सिंह सहरिया को किराना दुकान के लिए 80 हजार का हितलाभ का वितरण किया गया।

### रचना बाई बनी लखपति

**अशोकनगर ।** जिले के ब्लॉक ईसागढ़ के ग्राम डुंगासरा की रहने वाली रचना बाई ने मप्र राज्यॉ ग्रामीण आजीविका मिशन से जुडकर लक्ष्मी स्व. सहायता समूह से प्राप्त ऋण से किराना दुकान एवं मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनान्तार्गत राशि 01 लाख रूपये का ऋण लेकर टेंट हाउस की दुकान प्रारंभ की।

**कार्यालय तहसीलदार तहसील शाढ़ौरा अशोकनगर मप्र**
क्रमांक/री-1/2025/ दिनांक 28/11/2025
**// विज्ञप्ति //**
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरत यादव पुत्र शैतान सिंह यादव निवासी ग्राम खाईखेड़ा ने अपनी माँ सुदामाबाई की मृत्यु दिनांक 03/06/2022 को होना बताया है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इसमें किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो तहसील कार्यालय न्यायालय शाढ़ौरा में उपस्थित होकर दिनांक 05/12/2025 तक प्रस्तुत करे। बाद म्यांद गुजरने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। यह विज्ञप्ति पत्र दिनांक 28/11/25 मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।
**तहसीलदार**
**तहसील शाढ़ौरा**